

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

01 मई, 2025

प्रिय साथियों,

मैं पार्बती-II जलविद्युत परियोजना की चौथी और अंतिम यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन को 16 अप्रैल 2025 से सफल शुभारंभ होने पर पूरे एनएचपीसी परिवार को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 01 अप्रैल, 2025 को पहली तीन यूनिटों के सीओडी के बाद अर्जित की गई है। हमारे देश के नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो में 800 मेगावाट की जलविद्युत क्षमता की अभिवृद्धि करते हुए इस महत्वाकांक्षी परियोजना का पूरा होना भारत के ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है और यह जलविद्युत क्षेत्र में एनएचपीसी के नेतृत्व की पुष्टि करता है। इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने 12 अप्रैल, 2025 को राजस्थान के बीकानेर में स्थित करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र के 300 मेगावाट में से 107.14 मेगावाट की क्षमता को भी चालू कर दिया है - जो अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के लिए हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं इन महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त करने में शामिल सभी कार्मिकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। आपकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और समर्पण एनएचपीसी की सफलता का आधार रहा है।

मैं इस अवसर पर श्री सुप्रकाश अधिकारी का भी हार्दिक स्वागत करता हूँ, जिन्होंने 16 अप्रैल, 2025 को एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जलविद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक के बहुमूल्य अनुभव के साथ, श्री अधिकारी का नेतृत्व निस्संदेह एनएचपीसी की तकनीकी क्षमताओं को और सुदृढ़ करेगा। मैं उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

दिनांक 22-23 अप्रैल, 2025 को माननीय विद्युत, आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल जी ने नेपाल का दौरा किया। उक्त दौरे के दौरान, मैंने माननीय मंत्री और प्रमुख हितधारकों, नेपाल में भारत के महामहिम राजदूत, नेपाल के निवेश बोर्ड के सीईओ, नेपाल विद्युत प्राधिकरण के एमडी और नेपाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी के साथ एनएचपीसी की वेस्ट सेती, एसआर-6 और फुकोट करनाली जलविद्युत परियोजनाओं के त्वरित विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

इसके पश्चात, माननीय मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल में स्थित तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन का दिनांक 25 अप्रैल को दौरा किया और कार्मिकों से संवाद किया तथा अपने संबोधन से उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने दिनांक 26 अप्रैल को सिक्किम स्थित तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के बैराज परिसर का दौरा किया और दिनांक 27 अप्रैल को उन्होंने तीस्ता-V पावर स्टेशन पर 120 मीटर लंबे, 30 आर मोटरेबल सस्पेंशन ब्रिज का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। अक्टूबर 2023 में ल्होनक झील में आई विनाशकारी बाढ़ के पश्चात निर्मित किए गए इस पुल के संचालन से परियोजना में चल रही गतिविधियों को काफी सहायता मिलेगी और स्थानीय समुदायों को लाभ मिलेगा।

हम कई निर्माणाधीन परियोजनाओं में प्रभावी प्रगति कर रहे हैं:

- सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में जल कंडक्टर प्रणाली का सिविल कार्य 12 अप्रैल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, जिससे मई 2025 तक तीन यूनिटों की समय पर कमीशनिंग सुनिश्चित हुई। मैंने परियोजना के अत्याधुनिक बाँध नियंत्रण कक्ष का भी उद्घाटन किया।
- तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना में, 3861 मीटर लंबी हेड रेस टनल (फेस 1बी और फेस 2बी), का दिनांक 22 अप्रैल को सफलतापूर्वक ब्रेकथ्रू किया गया।

दिनांक 3 अप्रैल 2025 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में मैंने पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) को विकसित करने के संबंध में चर्चा करने के लिए मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, सचिव (जल संसाधन विभाग) और सचिव (ऊर्जा), छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात की। मैंने एनएचपीसी की प्रमाणित विशेषज्ञता पर बल देते हुए अपनी बात रखी और उपयुक्त पीएसपी स्थलों के आवंटन के लिए अनुरोध किया।

दिनांक 21 अप्रैल 2025 को, श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) और श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी) ने सौर ऊर्जा प्रावधानों पर केंद्रित "विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) संशोधन नियम, 2021" पर संसदीय समिति की बैठक में भाग लिया। यह बैठक सिक्किम के गंगटोक में आयोजित की गई, जिसमें रूफटॉप परियोजनाओं सहित एनएचपीसी की सौर पहलों के बारे में अवगत कराया गया।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने दिनांक 24 अप्रैल को सुबनसिरी लोअर, दिबांग और अपर सियांग बहुउद्देशीय परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए श्री तरुण कपूर, माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकार और श्री मनीष कुमार गुप्ता, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में भाग लिया।

**माह अप्रैल 2025 की अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां-**

- माह अप्रैल2025 का राजस्व संग्रह 333.76 करोड़ रुपए रहा और एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का संचयी विद्युत उत्पादन 2107.3 मिलियन यूनिट रहा।
- दिनांक 8 अप्रैल: केरल के पश्चिम कल्लदा में स्थित 50 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना के लिए केएसईबी लिमिटेड के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 9 अप्रैल: एनएचपीसी निगम मुख्यालय में सहायक सचिवों (आईएएस 2023 बैच) के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक 14-15 अप्रैल: एनएचपीसी में बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई।
- दिनांक 16 अप्रैल: तीस्ता-VI परियोजना ने सीएसआर योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र, नामची को एक आधुनिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस प्रदान की।
- दिनांक 19 अप्रैल: श्री अजय टम्टा, माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री और श्री तापिर गाओ, सांसद ने दिबांग परियोजना, अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया।
- दिनांक 21 अप्रैल: श्री हर्ष महाजन, सांसद ने चमेरा-II पावर स्टेशन, हिमाचल प्रदेश का दौरा किया।

- दिनांक 24 अप्रैल: एनएचपीसी निगम मुख्यालय में निःशुल्क बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर से 250 से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए।
- दिनांक 27 अप्रैल: एनएचपीसी के चार कार्मिकों ने बंगलूर में आयोजित विश्वस्तरीय मान्यता प्राप्त मैराथन प्रतियोगिता, टीसीएस वर्ल्ड 10K रन पूरी की।

एनएचपीसी लगातार मजबूती के साथ प्रगति कर रही है। इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते हुए, आइए हम राष्ट्र निर्माण और सतत विकास के अपने दृष्टिकोण पर केंद्रित और प्रतिबद्ध रहें।

मैं आपको और आपके परिवारों को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

भवदीय,

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**